ई.सी.ओ–11

बी.कॉम(A&F)
बी.कॉम(F &CA)
के लिए भी

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
2023–24

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ.–11 : आयकर के मूल तत्व

जुलाई 2023 तथा जनवरी 2024 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नईदिल्ली–110068

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम

ई.सी.ओ. – 11 : आयकर के मूल तत्व

सत्रीय कार्य – 2023–24

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30%अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2023 और जनवरी 2024)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2024,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2024** तक है।

2. जो **जनवरी 2024,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2024** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -11**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**आयकर के मूल तत्व**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -11/टी. एम. ए./ 2023-2024**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक :100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. (क) भारत में किसी व्यक्ति को 'निवासी' के रूप में कब मन जाता है ? (10+10)

(ख) श्री आशुतोष एक भारतीय कंपनी में 34 वर्ष 4 माह सेवा करने के पश्चात् 31 दिसम्बर 2021 को सेवानिवृत हुए कंपनी ने उन्हें ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 के अंतर्गत रु. 8,00,000 भुगतान किए उनका अवकाश प्राप्ति के समय मासिक वेतन व महंगाई भत्ता क्रमश: रु. 58,000 व रु. 5,800 था। ग्रेच्युटी प्राप्ति की कर मुक्त राशि की गणना धारा 10 (10) (ii) के अनुसार कीजिए।

2. (क) वार्षिक मूल्य को परिभाषित कीजिये तथा मकान सम्पत्ति से आय निर्धारित करने के लिए वार्षिक मूल्य से दी जाने वाली कटौतियों का वर्णन कीजिए। (10+10)

(ख) दिखावटी लेनदेन की व्याख्या करें। ऐसे लेनदेन के माध्यम से कर से कैसे बचा जाता है?

3. निम्नलिखित विवरणों से श्री कौशल कुमार की 31 मार्च 2022 को समाप्त होने वाला वर्ष की कुल आय ज्ञात कीजिए : (20)

		रुपये
1	यूपी सरकार के 7%7बांड पर ब्याज प्राप्त हुआ	5,000
2	मकान संपत्ति से आय	24,000
3	भारतीय कंपनी के पूर्वाधिकार अंशों पर का लाभांश प्राप्त हुआ	10,000
4	दीर्घकालीन पूंजी हानि (से संबंधित 2019 -20)	7,000
5	दीर्घकालीन पूंजी लाभ	5,000
6	अल्पकालीन पूंजी लाभ	6,000
7	अल्पकालीन पूंजी हानि	2,000

4. (क) श्री संजीव कांत रोडवेज में मेनेजर हैं। उन्हें निम्नलिखित विभिन्न परिस्थितियों में वेतन @ रु. 25,000 प्रति माह मिलता है, कार के अनुलाभ का मूल्य : (10+10)

i) नियोक्ता ने उसे 1.6 लीटर क्षमता की कार प्रदान की है। नियोक्ता द्वारा किए गए कुल खर्च और ड्राईवर का वेतन यानी रु. 18,000 , कार कार्यालय एवं निजी उपयोग के उद्देश से प्रदान की गई है। ii) नियोक्ता ने उसे केवल निजी उपयोग के लिए ड्राईवर के साथ कार की 1.4 लीटर क्षमता प्रदान की है। कार के खर्च रु. 18,000 एवं कार की लागत रु. 500,000 है।

iii) नियोक्ता ने बस (50 हॉर्स पॉवर) की एक सुविधा प्रदान की है जो उसे घर से कार्यालय तक और कार्यालय से घर तक अन्य कर्मचारियों के साथ ले जाती है।

(ख) धारा 80 जी के अंतर्गत कटौती के प्रावधान को समझाइये।

5. **निम्नलिखित पर संक्षिप्त में टिप्पणीयां लिखिए** : (4X5)

(क) कृषि आय

(ख) भविष्य निधि

(ग) आय को इकट्ठा करना

(घ) लाभांश आय